| ⚠ **खतरा** | यदि आप निर्देशों का पालन न करें तो आपकी मृत्यु हो सकती है या आपको गंभीर चोट लग सकती है। |
| ⚠ **चेतावनी** | यदि आप निर्देशों का पालन न करें तो आपकी मृत्यु हो सकती है या आपको गंभीर चोट लग सकती है। |
| ⚠ **सावधानी** | किसी आसन्न तौर पर होने वाली खतरनाक स्थिति को दर्शाता है जिनके परिणामस्वरूप, यदि बचाव नहीं किया गया, छोटी–मोटी या औसत चोट लग सकती है, या सिर्फ उत्पाद को क्षति पहुंच सकती है। |

सुरक्षा संबंधी सभी संदेश खतरों को चिन्हित करेंगे, जो आपको बताते हैं कि आप चोट लगने की आशंका को कैसे कम कर सकते हैं, और आपको बताते हैं कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो क्या हो सकता है।

### * R600a **गैस का प्रयोग किये गए रेफ्रिजरेटर के लिए सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी –**

इस उपकरण में (आइसोब्यूटेन R600a) का प्रयोग किया गया है । यह प्राकृतिक गैस उछ पर्यावरण अनुकुलीत है, परंतु ये दहेनशील भी है। परिवाहन और स्थापना करते समय सुनिश्चीत करें, की रेफ्रिजरेंट सर्किट का कोई भी हिस्सा क्षतिग्रस्त ना हो, यह होने से रेफ्रिजरेंट लिक हो सकता है जिसे आग लगने की संभावना या आँखें क्षतिग्रस्त हो सकती है । यदी किसी भी प्रकार के रिसाव का पता चलें तो आग और कोई भी इग्निशन स्त्रोत को दूर रखें और रेफ्रिजरेटर की पासवाली जगह को खुली रखें ।

यदी रेफ्रिजरेटर लिक होता है, तो गैस और हवा के मिश्रण को रोखने के लिए कमरे का एरिया $1m^2$/8gms (R600a) होनी चाहिए । रेफ्रिजरेटर की मात्रा पहचान प्लेटपर दर्शायी गई हैं । किसी भी प्रकार के नुकसान होने के लक्षण पर उपकरण को शुरू ना करें और समस्या होने पर डिलर से सम्पर्क करें ।

# सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

## अपने पुराने उपकरण का निपटान (उत्पाद ई–अपशिष्ट के अनुसार)

1. जब यह काटे गये पहिये वाले बिन का चिह्न किसी उत्पाद के साथ संलग्न होता है तो इसका अर्थ है उत्पाद ई–अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम 2011 के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। इस नियम के अनुसार उत्पाद को पुन: नवीनीकरण तथा द्रुस्त या निपटाना चाहिए।
2. करें –
   क. उपकरण को सिर्फ अधिकृत पुन: नवीनीकरणकर्ता को ही निपटाने हेतु ही हस्तानान्तरित करें।
   ख. उपकरण कार्यात्मक ना रहे तो, उपकरण को पृथक क्षेत्र में ही रखें, जिससे कि उपकरण आकस्मिक दुर्घटना से बचे रहें।

   ना करें –
   क. उपकरण को स्वयं नही खोलना चाहिए, केवल अधिकृत कर्मचारी द्वारा ही खोला जाना चाहिए।
   ख. उपकरण को अनाधिकृत एजेन्सी/कबाड़ीवाले को नहीं देना चाहिए।
   ग. उपकरण को दूसरे घरेलू अपशिष्ट के साथ नही रखा जाना चाहिए।
   घ. उपकरण के बदले हुए या अतिरिक्त पूर्जो को खुले क्षेत्र में ना रखें।
3. उत्पाद का किसी भी अनाधिकृत एजेन्सी द्वारा निपटारण, पर्यावरण (प्रोटेक्शन) अधिनियम 1986 के अधीन आता है।
4. दुर्घटनाग्रस्त टूट फूट तथा अव्यवस्थित रख–रखाव से बचाव।
   क. रेफ्रीजरेन्ट (R134a) यदि सम्पर्क में अधिक आता है तों, चक्कर आना व एकाग्रता में बाधा उत्पन्न हो सकती है, तरल पदार्थ का सीधा सम्पर्क, शीतदंश व जलन का कारण हो सकता है। इसी प्रकार रेफ्रीजरेन्ट (R600a) का पाईपों से रिसाव होने से आग लग सकती है तथा आँखे भी खराब हो सकती है।
   ख. साइक्लोपेन्टेन अत्यन्त ज्वलनशील तरल व बाष्पीय होने के कारण उद्धित जीवन के लिए काफी नुक्सान देह हो सकता है। तरल पदार्थ के सम्पर्क में आने पर ठण्डी जलन तता बार बार सम्पर्क में आने से त्वचा शुष्क हो सकती है।
5. उपरोक्त उत्पाद के निपटारण के लिए कृपया अपने नजदीकी केन्द्र की जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-180-9999 पर स्मपर्क करें। सभी संग्रह केन्द्र व पिक–अप सुविधाएं बाहरी एजेन्सी द्वारा चलायी जाती है। LG Electronics India Pvt. Ltd. सिर्फ एक सुविधाएँ प्रदान करने का माध्यम हैं।
   अधिक जानकारी के लिए देखें वेबसाइट : http://www.lge.com/in

## ⚠ चेतावनी

**अपने उत्पाद का प्रयोग करते हुए आग लगने, बिजली का झटका खाने, या लोगों के चोटग्रस्त होने के खतरे को कम करने के लिए सावधानियों का पालन किया जाना चाहिए, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं। इस उपकरण का प्रयोग करने से पहले सभी दिशा–निर्देशों को पढ़ें।**

## 1. पॉवर से जोड़ते समय

### खासकर इसी उत्पाद के लिए बनाए गए आउटलेट का प्रयोग किया जाना चाहिए।

- एक ही आउटलेट पर कई उपकरणों का प्रयोग करने पर आग लग सकती है।
- विद्युतीय रिसाव का अवरोधक खाद्य–पदार्थों को नुकसान पहुंचा सकता है और डिस्पेंसर से रिसाव हो सकता है।

### पॉवर प्लग को उल्टी दिशा में न लगाएं या इसे रेफ्रिजरेटर के पीछे एकदम दबा न दें।

प्लग के भीतर पानी बहकर जा सकता है या प्लग को क्षति पहुंच सकती है, जिससे आग या बिजली का झटका लग सकता है।



### पॉवर पहुंचाने वाले तार को मुड़ी स्थिति में न रहने दें या किसी भारी वस्तु के दबाव से नुकसान न पहुंचने दें।

इससे पॉवर पहुंचाने वाले तार को नुकसान पहुंच सकता है जिससे आग या बिजली का झटका लग सकता है।



### पॉवर प्लग के साथ लगे तार की लंबाई को काट–छांटकर लंबा या छोटा न करें।

पॉवर पहुंचाने वाले तार या अन्य चीजों की विद्युतीय क्षति से बिजली का झटका या आग लग सकती है।

### रेफ्रिजरेटर के अंदरूनी लैंप को साफ करने, संभालने या बदलने के समय पॉवर प्लग को निकाल लें।

- इससे बिजली का झटका या चोट लग सकती है।
- रेफ्रिजरेटर के अंदरूनी लैंप को बदलते समय यह सुनिश्चित कर लें कि विद्युतीय स्फुर्लिंग को रोकने के लिए सॉकेट के अंदर लगे रबर के छल्ले को उसकी जगह से नहीं निकाला गया है।

### गीले हाथों से तार को न खींचें या पॉवर प्लग को न छुएं।

- इससे बिजली का झटका या चोट लग सकती है।



# सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

## 1. पॉवर से जोड़ते समय

**पॉवर प्लग से पानी और धूल साफ करें और इसके पिनों के सिरों को अच्छी तरह घुसाकर इसे डालें।**

धूल, पानी या ढीले कनेक्शन के कारण आग या बिजली का झटका लग सकता है।



**ग्राउंडिंग होना सुनिश्चित करें।**

गलत ढंग से हुई ग्राउंडिंग के कारण ब्रेकडाउन हो सकता है और बिजली का झटका लग सकता है।




**पॉवर पहुंचाने वाली तार या पॉवर प्लग के क्षतिग्रस्त होने पर या आउटलेट के छेद ढीले होने पर, उनका प्रयोग न करें।**

इससे बिजली का झटका लग सकता है या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग सकती है।



## 2. रेफ्रिजरेटर का प्रयोग करते समय

**रेफ्रिजरेटर पर कोई भारी वस्तु या खतरनाक वस्तु (द्रव से भरा कोई पात्र) न रखें।**

दरवाजे को खोलते या बंद करते समय यह गिर सकता है जिससे चोट, आग या बिजली का झटका लग सकता है।

**दरवाजे या दरवाजे के शेल्फों या फ्रीजर के होम बार या कूल चेंबर से लटककर न झूलें।**

इससे रेफ्रिजरेटर गिर सकता है या हाथों को नुकसान पहुंच सकता है। खासकर, बच्चों को उपरोक्त चीजें न करने दें।

**रेफ्रिजरेटर को किसी गीले या ऐसे स्थान पर संस्थापित न करें जहां पानी या बरसात के छींटे आते हों।**

बिजली के पुर्जों के इंसुलेशन का क्षरण होने के कारण बिजली का रिसाव हो सकता है।

**रेफ्रिजरेटर के पास या अंदर ज्वलनशील पदार्थ ईथर, बेंजीन, अल्कोहल, दवा, एलपी गैस, स्प्रे या कॉस्मेटिक्स का प्रयोग या भंडारण न करें।**

इससे विस्फोट हो सकता है या आग लग सकती है।




**दुर्गंध दूर करने के लिए रेफ्रिजरेटर के अंदर जलती हुई मोमबत्ती न रखें।**

इससे विस्फोट हो सकता है या आग लग सकती है।

**रेफ्रिजरेटर में दवा या अकादमिक पदार्थों का भंडारण न करें।**

जब पूर्वनिर्धारित नियंत्रित तापमान पर रखे जाने वाले पदार्थ को भंडारित किया जाता है, तो यह क्षरित हो सकता है या यह कोई ऐसी अप्रत्याशित प्रतिक्रिया कर सकता है जिससे खतरा हो।

## 2. रेफ्रिजरेटर का प्रयोग करते समय

**रेफ्रिजरेटर के पास कोई दहनशील छिड़काव न करें**

इससे आग लग सकती है।




**गर्म करने वाले उपकरणों को इसके पास रखने से बचें।**

इससे आग लग सकती है।




**रेफ्रिजरेटर के ऊपर फूलों का गमला, कप, कॉस्मेटिक्स, दवा या पानी से भरा कोई पात्र न रखें।**

इससे आग या बिजली का झटका लग सकता है या इसके गिरने से चोट लग सकती है।

**द्रवों से भीगे रेफ्रिजरेटर का प्रयोग करने से पहले इसकी जांच कर लें।**

इससे बिजली का झटका या आग लग सकती है।



**जब गैस का रिसाव हो, तो रेप्रिजरेटर या आउटलेट को न छुएं और कमरे में तुरंत हवा आने-जाने दें ।**

1) गैस (R134a) – इस्तेमाल करते समय / डिलीव्हरी / इन्स्टॉलेशन यदी इस्तेमाल की टेट्राफ्ल्युरेथीन (R134a) गैस थोडी मात्रा में लिक हो रही हैं । तो वो गैस पर्यावरण को घातक नही है और ज्वलनशिल नही है । मगर यह आपके त्वचा को घातक है और आँख को क्षति पहुंचाती है । इसलिए रेफ्रिजरेटर की पासवाली जगह को खुली रखें ।

2) गैस (R600a) – चूंकि इस रेफ्रिजरेटर में पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने वाले रेफ्रिजरेटर के रूप में प्राकृतिक गैस (आइसोब्यूटेन R600a) का प्रयोग किया जाता है, इसलिए थोड़ी मात्रा (80~90 ग्रा.) भी ज्वलनशील होती है । जब रेफ्रिजरेटर की डिलीवरी करने, संस्थापित करने या उसका इस्तेमाल करने के दौरान गंभीर क्षति के कारण गैस का रिसाव होता है, तो किसी भी चिंगारी से आग लग सकती है या आप जल सकते हैं ।



**रेफ्रिजरेटर के बाहर या भीतर पानी स्प्रे न करें या उसे बेंजीन या थिनर से साफ न करें।**

बिजली के पुर्जों के इंसुलेशन के खराब होने से बिजली का झटका या आग लग सकती है।

**जब रेफ्रिजरेटर से किसी अजीब गंध या धुआं निकलने का पता चले, तो पॉवर प्लग को तुरंत अलग कर दें और सर्विस सेंटर से संपर्क करें।**

इससे आग लग सकती है।



## 2. रेफ्रिजरेटर का प्रयोग करते समय

**प्रशिक्षित इंजीनियर के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को रेफ्रिजरेटर के हिस्से अलग करने, मरम्मत करने या उसमें फेर–बदल करने की अनुमति न दें।**

इससे चोट, बिजली का झटका या आग लग सकती है।



**रेफ्रिजरेटर का इस्तेमाल गैर–घरेलू उद्देश्य (दवाएं या परीक्षण सामग्री का भंडारण, जहाज में इस्तेमाल आदि) न करें।**

इससे आग, बिजली का झटका, भंडारित सामग्री के खराब होने या रासायनिक अभिक्रिया जैसा कोई अप्रत्याशित जोखिम हो सकता है।



**रेफ्रिजरेटर का निस्तारण करते समय, दरवाजे से पैकिंग मैटीरियल को निकाल दें।**

इसके कारण कोई बच्चा भीतर बंद हो सकता है।

**रेफ्रिजरेटर को ठोस और बराबर सतह वाले फर्श पर स्थापित करें।**

इसे अस्थिर स्थान पर स्थापित करने से दरवाजा खोलने या बंद करते समय रेफ्रिजरेटर गिर जाने से मौत भी हो सकती है।

**हाथों या धातु की छड़ी को ठंडी हवा के निकास, कवर, रेफ्रिजरेटर की तली, या पीछे की ओर ऊष्मारोधी ग्रिल (एक्ज़ॉस्ट होल) के भीतर न डालें।**

इससे बिजली का झटका या चोट लग सकती है।



**आपके पुराने प्रशीतक यंत्र का निघटान**

आपके शीतलक में मौजूद द्रव पुनरावृतित पदार्थ से बना है । ऐसे सभी पदार्त अनिवार्य रूप से पुनरावृति अपशिष्ट निघटान स्थान भेंजे, वे पदार्थ पुनरावृति प्रक्रिया के पश्चात पुन: उपयोग मे लाए जा सकते हैं ।

**गड़गड़ाहट एवम् आकाशीय विद्युत चालन या लम्बे समय के दौरान उपयोग ना आने पर पाव प्लग को अलग करें।**

**पावर कनेक्ट करने से पहले सारा सामान सही जगह पें रखें।**




**पिछले भाग के आवरण को अलग ना करें।**

**कीसी प्रकार के भाग सुत्र को Fridge उपर ना रखें।**



# सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

## ⚠सावधानी

**इस निर्देश का उल्लंघन करने से चोट लग सकती है या घर अथवा फर्नीचर को नुकसान पहुंच सकता है। कृपया, हमेशा सावधानी बरतें।**

**फ्रीजर में खाद्य–पदार्थ या पात्रों को गीले हाथों से न छुएं।**

इससे आपके हाथों को जम जाने के कारण नुकसान पहुंच सकता है।

**प्लग दुबारा लगाते समय 5 मिनट या इससे अधिक इंतजार करें।**

इससे फ्रीजर का प्रचालन नाकाम हो सकता है।

**बोतल को फ्रीजर में न रखें।**

इससे भीतर की सामग्री जम जाने से बोतल टूट सकती है और आपको चोट लग सकती है।

**पॉवर प्लग को तार से पकड़कर नहीं, बल्कि प्लग के सिरे को पकड़कर बाहर खींचें।**

इससे बिजली का झटका लग सकता है या शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग सकती है।

**रेफ्रिजरेटर को इस तरह उठाकर ले जाएं कि हैंडल बार सामने नीचे की ओर हो और ऊपरी भाग पीछे हो।**

अन्यथा, आपके हाथ फिसलने से चोट लग सकती है।



**रेफ्रिजरेटर की तली में अपने हाथ न डालें।**

तली की लोहे की प्लेट से चोट लग सकती है।

**रेफ्रिजरेटर के दरवाजे को खोलने या बंद करने से आस–पास के व्यक्ति को चोट लग सकती है, इसलिए कृपया सावधानी बरतें।**

दरवाजे को खोलने या बंद करने से हाथ या पैर दरवाजे की दरार में फंस सकते हैं या बच्चे को कोने से चोट लग सकती है।

# सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

किसी जीवित पशु को प्रशीतक के अन्दर ना छोड़ें ।

कार्बोनेटेड जल का प्रयोग ना करें । वायु दबाव से रिसाव हो सकता हैं ।




दरवाजे का सहारा ना लें, कब्जे स्वत: नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं, इससे हवा का रिसाव होगा जो कि उपकरण के प्रदर्शन को क्षय करता हैं ।




पानी टंकी को अनुदेश के अनुसार साफ करें ।




मसाला बाक्स और अन्य movable चीजों को नीकालते समय ध्यान रखें ।

गीरने से टुटने की सम्भावना हैं ।

केवल जल का प्रयोग करें । किसी अन्य द्रव के उपयोग से उपकरण का संचालन क्षय हो सकता है । यदि जल के अलावा किसी अन्य द्रव के उपयोग से किसी तरह की परेशानी होती है, तो निर्माता इस परेशानी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।




## ⚠ चेतावनी

कृपया निचले दराज को साफ करने के लिए डिशवाशर का प्रयोग ना करें, उच्च तापमान दराज को क्षति पहुंचा सकता हैं जिससे दराज व्यर्थ हो जाएगा ।

इस रेफ्रिजरेटर को अत्यंत सावधानी से बनाया गया है, और इसमें नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया गया है।

हमें विश्वास है कि आप इसके प्रदर्शन और विश्वसनीयता से पूर्ण संतुष्ट होंगे।

अपना रेफ्रिजरेटर चालू करने से पहले, कृपया इस पुस्तिका को सावधानी से पढ़ें।

इसमें संस्थापन, प्रचालन और रख–रखाव के लिए सटीक निर्देश दिए गए हैं, और कुछ उपयोगी सुझाव भी शामिल हैं।

## *संस्थापन*

**1.** एक अच्छा स्थान चुनें।
अपने रेफ्रिजरेटर को ऐसे स्थान पर रखें जहां उसका प्रयोग करना आसान हो।

**2.** यूनिट को गर्मी के स्रोतों, सीधी धूप या नमी के निकट रखने से बचें।

**3.** फ्रिज के फ्रीजर के इर्द–गिर्द हवा का उचित प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए कृपया अगल–बगल और ऊपर पर्याप्त स्थान रखें और पीछे की दीवार से कम से कम 2 इंच (5 सेमी) की दूरी रखें।

**4.** कंपनों से बचने के लिए यूनिट समतल होनी चाहिए। यदि आवश्यक हो, तो फर्श की असमानता की भरपाई के लिए तल बराबर करने वाले पेंचों को छोटा–बड़ा करें। अगला भाग पिछले से हल्का–सा ऊंचा होना चाहिए ताकि दरवाजा आसानी से बंद हो।
कैबिनेट को हल्का–सा झुकाकर तल बराबर करने वाले पेंचों को आसानी से घुमाया जा सकता है।
यूनिट को उठाने के लिए पेंचों को बाएं से दाएं (↻) घुमाएं, उसे नीचा करने के लिए दाएं से बाएं (↺) घुमाएं।

**5.** इस उपकरण को 5 °C से कम पर संस्थापित न करें। इससे रेफ्रिजरेटर का डिबेसमेंट हो सकता है।

### अगला

**1.** अपने रेफ्रिजरेटर को अच्छी तरह साफ करें और परिवहन के दौरान इकट्ठा हुई सारी धूल पोंछ दें।

**2.** आइस क्यूब बॉक्स आदि जैसी एक्सेसरीज़ को उनके उचित स्थानों पर लगा दें। उन्हें परिवहन के दौरान संभावित क्षति से बचने के लिए एक साथ पैक किया जाता है।

**3.** पॉवर सप्लाई वाले तार (या प्लग) को आउटलेट में कनेक्ट करें। उसी आउटलेट पर कोई अन्य उपकरण न लगाएं।

**4.** खाद्य–पदार्थ भंडारित करने से पहले, अपने रेफ्रिजरेटर को चालू करके 2 या 3 घंटे के लिए छोड़ दें।
उचित कूलिंग सुनिश्चित करने के लिए फ्रीजर कंपार्टमेंट में ठंडी हवा के प्रवाह की जांच करें।
आपका रेफ्रिजरेटर अब प्रयोग के लिए तैयार है।

# भीतरी हिस्से




**नोट**

- यह निर्देशिका कई अलग–अलग मॉडलों के लिए है। आपने जो रेफ्रिजरेटर खरीदा है उसमें ऊपर दी गई कुछ या सभी विशेषताएं हो सकती हैं।

## ऊर्जा बचत हेतु सुझाव

- कृपया लम्बे समय के लिए दरवाजे को खुला ना छोड़ें, दरवाजे को कम से कम समय में बंद करें।
- बहुत अधिक खाद्य न रखने की सलाह दी जाती है। ठंडी हवा के स्वतंत्र परिसंचरण के लिए पर्याप्त स्तान रखें।
- प्रशीतक को जरुरत से कम तापमान में नियत ना करें। खाद्य पदार्थ को तापमान ज्ञानेंद्री के करीब ना रखें।
- खाद्य पदार्थ को संग्रहण से पूर्व ठंडा होने दें। गर्म खाद्य को फ्रीजर में रखने से यह अन्य खाद्य को खराब कर सकता हैं की अधिक विद्यत बिल के लिए उत्तरदायी होगा।
- खाद्य पदार्थ से वायु छिद्र को अवरोध ना करें। निर्विदन ठंडी हवा का परिसंचरण फ्रीजर के तापमान को समान रखता है।
- दरवाजे को बारंबार ना खोलें। दरवाजे के खुलने से गर्म हवा फ्रीजर के अंदर प्रवाहित होकर तापमान को बढ़ाती हैं।

# भीतरी हिस्से




**नोट**

- यह निर्देशिका कई अलग–अलग मॉडलों के लिए है। आपने जो रेफ्रिजरेटर खरीदा है उसमें ऊपर दी गई कुछ या सभी विशेषताएं हो सकती हैं।

## ऊर्जा बचत हेतु सुझाव

- कृपया लम्बे समय के लिए दरवाजे को खुला ना छोड़ें, दरवाजे को कम से कम समय में बंद करें।
- बहुत अधिक खाद्य न रखने की सलाह दी जाती है। ठंडी हवा के स्वतंत्र परिसंचरण के लिए पर्याप्त स्तान रखें।
- प्रशीतक को जरुरत से कम तापमान में नियत ना करें। खाद्य पदार्थ को तापमान ज्ञानेंद्री के करीब ना रखें।
- खाद्य पदार्थ को संग्रहण से पूर्व ठंडा होने दें। गर्म खाद्य को फ्रीजर में रखने से यह अन्य खाद्य को खराब कर सकता हैं की अधिक विद्यत बिल के लिए उत्तरदायी होगा।
- खाद्य पदार्थ से वायु छिद्र को अवरोध ना करें। निर्विदन ठंडी हवा का परिसंचरण फ्रीजर के तापमान को समान रखता है।
- दरवाजे को बारंबार ना खोलें। दरवाजे के खुलने से गर्म हवा फ्रीजर के अंदर प्रवाहित होकर तापमान को बढ़ाती हैं।

# प्रचालन

## चालू करना

जब आपका रेफ्रिजरेटर पहली बार संस्थापित किया जाता है, तो उसमें ताजे या फ्रोज़न खाद्य–पदार्थ भरने से पहले उसे सामान्य प्रचालन तापमान पर 7–8 घंटे तक स्थिर होने दें।
यदि प्रचालन बाधित होता है, तो दुबारा चालू करने से पहले 5 मिनट इंतजार करें।

## तापमान निर्धारित करने से पहले

- कमरे के तापमान में चाहे जो भी बदलाव हों, रेफ्रिजरेटर के तापमान को स्थिर रखा जाता है। यह संस्तुति की जाती है, कि एक बार निर्धारित करने के बाद, तापमान की सेटिंग (रेफ्रिजरेटर और फ्रीजर कंपार्टमेंट के कंट्रोल) तब तक न बदली जाए जब तक ऐसा करना आवश्यक न हो।
- इस रेफ्रिजरेटर में रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट के लिए एक तापमान नियंत्रण बटन और फ्रीजर कंपार्टमेंट के लिए एक तापमान नियंत्रण डायल है।
- रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट के लिए तापमान नियंत्रण बटन की डिफॉल्ट सेटिंग '3°C' है।
- * फ्रीजर कंपार्टमेंट के लिए तापमान नियंत्रण डायल की डिफॉल्ट सेटिंग '3'/'5' है।
- इस रेफ्रिजरेटर के रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट में एक तापमान सेंसर है। यह आवश्यकतानुसार स्वचालित ढंग से कंप्रेसर को आरंभ करेगा और रोक देगा।

## डोर अलार्म

जब रेफ्रिजरेटर या फ्रीजर का दरवाजा 1 मिनट या इससे अधिक समय तक खुला रह जाए, तो तीन बार अलार्म बजेगा। यदि दरवाजा खुला रहता है, तो हर 30 सेकेंड बाद अलार्म दुबारा बजेगा।

## खुद जांचें

- आपके रेफ्रिजरेटर में गड़बड़ियों का पता लगाने की क्षमता निहित है। यदि कुछ खास क्षेत्रों में इसमें कोई गड़बड़ी आती है, तो यह मरम्मत करने वाले टेकनीशियन की सहायता के लिए एक त्रुटि कोड दर्शाएगा। जब तक त्रुटि कोड प्रदर्शित होता रहेगा, अन्य कंट्रोल एवं डिस्प्ले फंक्शन काम नहीं करेंगे।
- यदि कोई त्रुटि कोड प्रदर्शित होता है, तो किसी सर्विस सेंटर से संपर्क करें। पॉवर कॉर्ड को आउटलेट से अलग न करें।

## फ्रीजर कंपार्टमेंट के लिए कंट्रोल

- कंट्रोल सेटिंग की संख्या जितनी ऊंची होगी, फ्रीजर कंपार्टमेंट का तापमान उतना ही कम हो जाएगा।
- चूंकि रेफ्रिजरेटर और फ्रीजर कंपार्टमेंट्स का तापमान ठंडी हवा की एक निश्चित मात्रा से नियंत्रित होता है, इसलिए यदि फ्रीजर कंपार्टमेंट अधिक ठंडा होगा तो रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट थोड़ा गर्म हो जाएगा।
- जब फ्रीजर कंपार्टमेंट सर्दियों के मौसम में पर्याप्त ठंडा नहीं हो, तो फ्रीजर के कंट्रोल को हाई (4~7) पर कर दें।






GL-529**/GL-549**
GL-528**/GL-548**
GL-542**/GL-522**




GL-478**/GL-479**
GL-472**

- फ्रीजर नॉब को [•][•][•] पर सेट करने से 4/5 STAR की सेटिंग पूरी हो जाएगी। फ्रीजर नॉब को NORMAL पर सेट करने से पर्याप्त फ्रीजिंग प्रभाव पैदा होगा, इसलिए नॉब को NORMAL पर सेट करने की सस्तुंति की जाती है।

* मॉडेल के प्रकार अनुसार लागु

## रेफ्रीजरेटर टेम्परेचर को नियंत्रन




रेफ्रीजरेटरका टेम्परेचर फॅक्टरीमे प्रस्थापित किया है और बटन रेफ्रीजरेटर के कंपार्टमेंटमें NORMAL स्थितीमें है ।

रेफ्रीजरेटर टेम्परेचर को नियंत्रित करनेके लिए REF TEM CONTROL बटन को दबाईए ।

बटन दबानेपर LEDs प्रस्थापित होगा ।
टेम्परेचर को सात स्तर मे प्रस्थापित कर सकते हो – MIN से MAX तक ।

### ❒ रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट के लिए कंट्रोल

डिस्प्ले ग्राफिक आपके रेफ्रिजरेटर के प्रकार के अनुसार अलग–अलग हो सकता है।

- Display a

- Display b

- रेफ्रिजरेटर का तापमान नियंत्रित करने के लिए 'REFRIGERATOR' बटन दबाएं।
- जब कभी बटन दबता है, तो LED से रोशनी निकलती है।
- Health Guard/Hygiene Fresh चलाने के लिए Health Guard/Hygiene Fresh बटन दबाएं ।
- LED की रोशनी से जो संख्या प्रदर्शित होती है वह रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट के तापमान को दर्शाती है।
- आप '0 °C' से '6 °C' तक सात चरणों में वांछित निर्धारण बिंदु चुन सकते हैं।

Display a

– बटन (b) दबाईए, प्रशीतक तापमान 1°C से कम हो जाएगा।
– बटन (a) दबाईए, Health Guard/Hygiene Fresh Motor शुरू होगा।

Display b

– बटन (c) दबाईए, प्रशीतक तापमान 1°C से कम हो जाएगा।
– बटन (d) दबाईए, प्रशीतक तापमान 1°C से बढ जाएगा।

### फास्ट फ्रिजींग

– जब रेफ्रिजरेटर को पहली बार चालू किया जाता है तो फास्ट फ्रिजींग विशेषता काम करती है। कंप्रेसर और सर्कुलेटिंग फैन रेफ्रिजरेटर के तापमान को तेजी से कम करने के लिए अधिकतम कूलिंग क्षमता पर काम करते हैं। यह अपने आप बंद हो जाती है।




– यदि रेफ्रिजरेटर में गर्म खाना रखा जाता है, तो कंट्रोल पैनल पर बटन से फास्ट फ्रिजींग को शुरू किया जाता सकता हैं। तापमान उचित स्तर पर पहुंचने पर फास्ट फ्रिजींग बंद हो जाएगा या इसे फास्ट फ्रिजींग बटन दबाकर बंद किया जा सकता है।

### चाइल्ड लॉक (वैकल्पिक)

चाइल्ड लॉक को लॉक करने के लिए CHILD LOCK बटन को 3 सेकेंड तक दबाकर रखें। जब यह लॉक होगा, तो लॉक LED ऑन रहेगी तथा अन्य बटन काम नहीं करेंगे। अनलॉक करने के लिए, CHILD LOCK बटन को दुबारा 3 सेकेंड तक दबाकर रखें।




### ग्रीन आयन डोर कूलिंग (वैकल्पिक)

- डक्ट कवर में टर्मलाईन पाउच हवा को शुद्ध करती है और रखे गए खाद्य–पदार्थों को अधिक समय तक ताजा रखने में मदद करती है।
- यदि इस्तेमाल करते वक्त बाहरी वस्तुओं का जल कूल एअर वेंट में घुस जाए, तो कार्यकुशलता कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त, यदि गैस्केट क्षतिग्रस्त हो जाए, तो ठंडी हवा के बाहर निकलने की वजह से कार्यकुशलता कम हो जाएगी।




*ट्विस्टिंग आइस सर्व टाइप*

- आइस क्यूब बनाने के लिए आइस ट्रे में पानी भरें और उसकी स्थिति में भीतर डाल दें।




- आइस क्यूब निकालने के लिए ट्रे के लीवर को अपनी ओर धीरे से घुमाएं। आइस क्यूब नीचे आइस बॉक्स में गिर जाते हैं।



### ⚠ चेतावनी

- पानी के अलावा किसी अन्य द्रव का प्रयोग ना करें।
- चिह्नित लाईन तक पानी भरें।

## कनवर्टिबल कॉर्नर

- जब दरवाजा खोला जाता है, तब गर्म हवा फ्रेश जोन को प्रभावित नहीं कर सकती। इसलिए आप उसमें खाद्य–पदार्थ को अधिक ताजा रख सकते हैं।
- भीतर डाले गए कनवर्टिबल रूम को उसकी स्थिति में रखा जाना चाहिए। यदि दरवाजा खुला होगा तो वह अपना काम नहीं कर सकेगा।



**कैसे प्रयोग करें**

- वेजिटेबल कॉर्नर या फ्रेश कॉर्नर का प्रयोग नॉब के कंट्रोल द्वारा किया जा सकता है।
- खाद्य–पदार्थ रखने से पहले नॉब की स्थिति जांच लें।
- नॉब को मध्य बिंदु पर न रखें।

## सब्जियों वाली दराज

**मैजिक क्रिस्पर्स**

- मैजिक क्रिस्पर्स ड्रॉअर के भीतर आसानी से नमी बरकरार रखकर अधिक फलों और सब्जियों का स्वाद अधिक ताजा रखते हैं।
- कवर के नीचे बनी जाली नमी को कुशलता से रोकती या छोड़ती है।
- सीलिंग ढांचा नमी को बरकरार रखता है।




**वेजिटेबल पार्टीशनर (वैकल्पिक)**

- पार्टीशनर को चित्र में दिखाए गए ढंग से वेजिटेबल बॉक्स के पीछे की ओर डालकर फिक्स करें।



## वॉटर डिस्पेन्सर (वैकल्पिक)

नोट

- पानी टंकी के नियत स्थान में लगाने के प्रश्चात पानी डाले । आवश्यक रूप से पानी टंकी को साफ करने या उपयोग ना करने हेतु अलग करें ।
- जब पानी टंकी पानी भरने के पश्चात नियत स्थान पर न हो तो पानी का रिसाव हो सकता हैं ।

**पानी टंकी में पानी भरना**

1) उपरी ढक्कन खोले एवम् पानी को पानी टंकी में भरे ।




2) उपरी ढक्कन बंद करें ।



3) पानी टंकी वैकल्पिक हटाने योग्य हिस्सा है, जो कि संग्रहण क्षमता बढ़ाने हेतु प्रयुक्त किया जा सकता है । आप पानी टंकी हटाने के बाद एवम् गड्डे को प्लग द्वारा बंद करने के पश्चात उपरी दराज उपयोग कर सकते है ।

   प्लग को अंडे की ट्रे के साथ संलग्न किया गया है ।



**सावधानी**

पानी के अलावा किसी अन्य द्रव का प्रयोग ना करें ।
गर्म जल को पानी टंकी में डालने से पहले ठंडा करना आवश्यक है ।



**पानी पीना**

1. डिस्पेन्सर पैड को कप के साथ दबाईए ।
2. जब डिस्पेन्सर पैड दबेगा पानी बाहर आएगा । कप निकालने के पश्चात डिस्पेन्सर पैड स्वत: अपनी नियत स्थिति में चला जाएगा एवम् पानी का बहाव बंद हो जाएगा ।

# प्रचालन

## डिफ्रॉस्टिंग

- डिफ्रॉस्टिंग अपने आप होती है।
- डिफ्रॉस्ट हुआ पानी वाष्पीकरण ट्रे की तरफ बहकर जाता है जो रेफ्रिजरेटर के पीछे निचले भाग में होती है और स्वतः वाष्पीकृत हो जाती है।

## डिओडोराइज़र (वैकल्पिक)

- फ्रेश फूड कंपार्टमेंट में आने वाली बदबू दूर हो जाती है और आपको तथा खाद्य–पदार्थों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता।



**प्रयोग कैसे करें**

- चूंकि डिओडोराइज़र फ्रेश फूड कंपार्टमेंट में हवा प्रवाहित करने वाले कूलिंग एअर इनलेट में स्थित होता है, इसलिए आपको कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं।
- कूलिंग एअर इनलेट में धारदार नोक वाली वस्तु न डालें क्योंकि डिओडोराइज़र क्षतिग्रस्त हो सकता है।
- तेज गंध वाले खाद्य–पदार्थ को रखते समय उसे लपेट दें या ढक्कन वाले पात्र में रखें क्योंकि दूसरे खाद्य–पदार्थों में उसकी गंध आ सकती है।

**डिओडोराइज़र का दुबारा प्रयोग करना**

- कुछ समय तक प्रयोग कर लेने और दुर्गंध के ज्यादा तेज होने पर, डिओडोराइज़र को फिर से बहाल किया जा सकता है और इसका दुबारा प्रयोग किया जा सकता है।
- रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट की छत पर लगे डिओडोराइज़र को हटा लें, नमी या दुर्गंध को दूर करने के लिए हेयर ड्रायर का प्रयोग करें और अल्ट्रावॉयलेट किरणों द्वारा दुर्गंध को विघटित करने के लिए सूर्य की रोशनी में ऑक्सीकरण करें।



## डेरी कॉर्नर (वैकल्पिक)

- बाहर निकले हुए हैंडिल से सचल ढक्कन को दाहिने से बाएं सरकाकर प्रयोग करें।



साफ करते समय ढक्कन को कैसे हटाएं

- ढक्कन को सरकाकर बास्केट के बीच में लाएं
- ढक्कन को बास्केट के बीच में लाकर छेद को बास्केट के दोनों सिरों की सीध में लाएं
- सीध में लाने के बाद बास्केट को पीछे से आगे की ओर घुमाएं और दोनों हाथों से खींचकर निकालें



# खाद्य–पदार्थों के भंडारण संबंधी सुझाव

## खाद्य–पदार्थों का भंडारण

- ताजे खाद्य–पदार्थों को रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट में रखें। खाद्य–पदार्थ किस तरह जमाए और पिघलाए जाते हैं यह उनकी ताजगी और गंध बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण कारक है।
- कम तापमान पर आसानी से खराब होने वाले खाद्य–पदार्थ जैसे केले, अनानास, और तरबूज न रखें।
- गर्म खाद्य–पदार्थों को रखने से पहले ठंडा होने दें। रेफ्रिजरेटर में गर्म खाद्य–पदार्थ रखने से अन्य खाद्य–पदार्थ खराब हो सकते हैं और बिजली का बिल अधिक आ सकता है!
- खाद्य–पदार्थ रखते समय उसे वाइनिल रैप से ढकें या ढक्कन वाले पात्र में रखें। इससे नमी का वाष्पीकरण नहीं होता, और खाद्य–पदार्थों के स्वाद और पौष्टिक तत्व बने रहते हैं।
- हवा की निकासी के स्थानों को खाद्य–पदार्थों से बंद न करें। ठंडी हवा का निर्बाध प्रवाह रेफ्रिजरेटर के तापमान को एकसमान रखता है।
- बार–बार दरवाजा न खोलें। दरवाजा खोलने से गर्म हवा रेफ्रिजरेटर में प्रवेश करती है, जिससे तापमान बढ़ जाता है।

## फ्रीजर कंपार्टमेंट

- बोतलों को फ्रीजर कंपार्टमेंट में न रखें – जम जाने पर वे टूट सकती हैं।
- पिघल चुके खाद्य–पदार्थों को दुबारा न जमाएं। इससे स्वाद और पौष्टिक तत्वों की क्षति होती है।
- आईसक्रीम जैसे फ्रोजन खाद्य–पदार्थों को लंबे समय तक रखते समय, उन्हें डोर रैक में नहीं, बल्कि फ्रीजर शेल्फ में रखें।
- फ्रीजिंग के लिए लोड करना – नए रखे गए खाद्य–पदार्थों को फ्रीजिंग के लिए निम्नलिखित स्थिति में रखने की संस्तुति की जाती है :



**नए रखे गए खाद्य–पदार्थ**

## रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट




- गीले खाद्य–पदार्थों को रेफ्रिजरेटर के शेल्फों के बहुत अंदरूनी हिस्से पर रखने से बचें, क्योंकि बहुत ज्यादा ठंडी हवा के संपर्क में आने के कारण यह जम सकती हैं। इससे बचने के लिए खाद्य–पदार्थों को ढक्कन वाले पात्रों में रखना बेहतर होता है।
- गीले खाद्य–पदार्थों (खासकर फलों और सब्जियों) को वेजिटेबल स्टोरेज कंपार्टमेंट में रखना वांछनीय है। यदि रेफ्रिजरेटर के शेल्फ पर रखना जरूरी हो, तो इसे रेफ्रिजरेटर में प्रवाहित ठंडी हवा के कारण जमने से बचाने के लिए रेफ्रिजरेटर की पिछली दीवार से दूर दरवाजे के निकट रखें।
- खाद्य–पदार्थों को रेफ्रिजरेटर में रखने से पहले हमेशा साफ कर लें। सब्जियों और फलों को धोकर पोंछ लेना चाहिए, तथा पैक किए हुए खाद्य–पदार्थों को पोंछकर साफ कर लेना चाहिए, ताकि पास रखे अन्य खाद्य–पदार्थ खराब न हों।
- अंडों को उनके स्टोरेज रैक में रखते समय, सुनिश्चित कर लें कि वे ताजे हैं, और उन्हें हमेशा खड़ी स्थिति में रखें, जिससे वे अधिक समय तक ताजे रहते हैं।

# सफाई

यह महत्वपूर्ण है कि अवांछित दुर्गंधों से बचने के लिए आपका रेफ्रिजरेटर साफ रहे। छलककर गिर गए खाद्य–पदार्थों को तुरंत पोंछकर साफ कर देना चाहिए, क्योंकि इसका अम्लीकरण हो सकता है और यदि इसे पड़ा रहने दिया गया तो यह प्लास्टिक की सतहों पर दाग लगा सकता है।

किसी भी सतह पर धातु के रगड़ने वाले पैड, ब्रश, मोटे दानों वाले क्लीनर या तेज क्षारीय घोलों का प्रयोग न करें।

लेकिन, सफाई करने से पहले, याद रखें कि अत्यंत ठंडी सतहों पर नम वस्तुएं चिपक सकती हैं। जमी हुई सतहों को गीले या नम हाथों से न छुएं।

**बाहरी भाग** – अपने रेफ्रिजरेटर की ड्यूरेबल फिनिश को साफ करने के लिए हल्के साबुन के गुनगुने घोल या बर्तन धोने वाले घोल का प्रयोग करें। साफ, नम कपड़े से पोंछें और फिर सुखाएं।

**भीतरी भाग** – भीतरी भाग और भीतर के हिस्सों की नियमित सफाई की जानी चाहिए। अपने रेफ्रिजरेटर की ड्यूरेबल फिनिश को साफ करने के लिए हल्के साबुन के गुनगुने घोल या बर्तन धोने वाले घोल का प्रयोग करें। साफ, नम कपड़े से पोंछें और फिर सुखाएं।

**भीतरी हिस्से** – कंपार्टमेंट शेल्व्स, डोर रैक्स, स्टोरेज ट्रेज़ और मैग्नेटिक डोर सील्स आदि को धोकर साफ करें। अपने रेफ्रिजरेटर की ड्यूरेबल फिनिश को साफ करने के लिए हल्के साबुन के गुनगुने घोल या बर्तन धोने वाले घोल का प्रयोग करें। साफ, नम कपड़े से पोंछें और फिर सुखाएं।

### चेतावनी

बिजली के पुर्जों (लैंपों, स्विचों, कंट्रोल, आदि) के आस–पास सफाई करने से पहले दीवार के आउटलेट से पॉवर कॉर्ड को हमेशा ही निकाल दें। पानी या द्रव को किसी बिजली के पुर्जे में प्रवेश करने और बिजली का झटका लगने से बचने के लिए अतिरिक्त नमी को स्पंज या कपड़े से पोंछ दें। ज्वलनशील या विषैले क्लीनिंग द्रवों का प्रयोग न करें।

- सफाई के लिए इन पदार्थों का प्रयोग न करें : सतह पर क्रियाशील अभिकारक, कार वैक्स, एंटीकोरोसिव, हर किस्म के तेल, पेट्रोल, एसिड, वैक्स।
- इनका प्रयोग किया जा सकता है : डिटर्जेंट वनस्पति बर्तन धोने के घोल, साबुन का पानी।
- लापरवाही से प्रयोग करने पर इनके कारण रंग बदल सकता है।

### सावधानी

1. साफ करते समय गुनगुने पानी का प्रयोग करें।
2. पानी के अलावा अन्य किसी चीज का प्रयोग न करें। यदि इसे सॉफ्ट ड्रिंक्स के लिए प्रयोग किया जाता हो, तो वॉटर टैंक में पानी डालें और तुरंत ही 3–4 कप पानी निकाल दें।

## वॉटर डिस्पेन्सर (वैकल्पिक)



**ग्रिल**

पहले गीले कपड़े से साफ करें, उसके बाद सुखे कपड़े का प्रयोग करके साफ करें।

**वॉटर टँक**

१. पानी भरने के लिए
पानी भरने के लिए वॉटर टँक निकालना जरूरी नहीं हैं। (चित्र क्र. १ में दिए गए तरीके से टँक गेट के खिंचीए और पानी भरीए।)



**नोट**

- दरवाजा बंद करने से पहले कॅप और क्लॅम्प को बंद करना ना भुलिए।
- कार्बोनेटेड द्रव्य जैसे सोडा का इस्तमाल न करें।



२. डिसअसेंबली (खोलने के लिए)
वॉटर टँक को दाई या बाईं तरफ से पकड़े और नीचे से ऊपर खिचिंए।

**नोट**

वॉटर टँक को खोलने के बाद डिस्पेन्सर के पानी का फरी तरह इस्तेमाल कीजिए।

३. असेंबली (बंद करने के लिए)
किसी कारणवश वॉटर टँक ठीक से नही बैठे, तो उसे अपनी सही जगह पर बिठाएँ, जाँचिए की वाल्व असेंबली दरवाजे के छेद में सही तरह से बैठी हो (चित्र क्र.) उसके बाद टँक को नीचे ढकले और दरवाजे पर सही तरीके से बैठ (स्थिर हा) जाएँ।



**वॉटर टँक**

१. पहले टँक कव्हर (ढक्कन) निकालिए।



२. वॉटर टँक को अंदर से और बाहर से डिसवॉशिंग पावडर से साफ करें और बहते नल के पानी से धोईए। उसके बाद सुखे कपड़े का इस्तमाल करके साफ करें।



३. कँप को भी अंदर से और बाहर से डिसवॉशिंग पावडर से साफ करें और बहते नल के पानी से धोईए। उसके बाद सुखे कपड़े का इस्तमाल करके साफ करें।



## छुट्टियों के समय

सामान्य अवधि के अवकाशों के दौरान, रेफ्रिजरेटर को चालू रखना ही संभवतः आपको सबसे बढ़िया विकल्प मालूम होगा। जम सकने वाली चीजों को ज्यादा समय तक रखने के लिए फ्रीजर में रखें। जब आप ज्यादा लंबे समय के लिए कहीं बाहर जाने की योजना बनाएं, तो सभी खाद्य–पदार्थ बाहर निकाल लें, पॉवर कॉर्ड को डिस्कनेक्ट कर दें, अंदरूनी भाग को अच्छी तरह साफ कर दें, और दुर्गंध पैदा होने से बचने के लिए प्रत्येक दरवाजे को खुला छोड़ दें।

## पॉवर फेल हो जाने पर

अधिकांशतः पॉवर फेल होने की गड़बड़ी को एक या दो घंटे में ठीक कर दिया जाता है और इससे आपके रेफ्रिजरेटर के तापमानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। फिर भी, पॉवर बंद रहने की स्थिति में आपको कम से कम बार दरवाजा खोलना चाहिए। अधिक लंबे समय के लिए पॉवर फेल हो जाने की स्थिति में, अपने फ्रोजन पैकेजों के ऊपर ड्राई आइस का टुकड़ा रखें।

## यदि आप घर बदलें

सभी ढीले–ढाली वस्तुओं को बाहर निकाल दें या रेफ्रिजरेटर के अंदर अच्छी तरह बांध दें।
सतह बराबर करने वाले पेंचों को नुकसान से बचाने के लिए, उन्हें एकदम आधार के बराबर पर कर लें।

## एंटी–कंडेनसेशन पाइप

रेफ्रिजरेटर कैबिनेट की बाहरी दीवार कभी–कभी, खासकर संस्थापन के ठीक बाद, गर्म हो सकती है। परेशान न हों। यह एंटी–कंडेनसेशन पाइप के कारण होता है, जो गर्म रेफ्रिजरेंट के कारण कैबिनेट की बाहरी दीवार पर "संघनन" होने से बचाता है।

**सावधानी**

**बिजली का झटका लगने का खतरा**

फुंक चुके लाइट बल्ब को बदलने से पहले, या तो रेफ्रिजरेटर का प्लग निकाल लें या फिर सर्किट ब्रेकर अथवा फ्यूज़ बॉक्स से पॉवर बंद कर दें।

**नोट :** कंट्रोल को ऑफ स्थिति में रखने पर बिजली के सर्किट से पॉवर नहीं हटती।

### एक्सटेंशन कॉर्ड का प्रयोग न करें

यदि संभव हो, तो रेफ्रिजरेटर को इसके लिए बनाए गए अलग बिजली के आउटलेट से कनेक्ट करें ताकि इसके या अन्य उपकरणों अथवा घरेलू लाइटों के कारण ओवरलोड होने से बिजली कट न जाए।

### सप्लाई प्लग तक पहुंच

रेफ्रिजरेटर–फ्रीजर इस स्थिति में रखा रहना चाहिए ताकि दुर्घटना होने पर सप्लाई प्लग को तुरंत डिस्कनेक्ट करने के लिए उस तक आसानी से पहुंचा जा सके।

### सप्लाई कॉर्ड को बदलना

यदि सप्लाई कॉर्ड क्षतिग्रस्त हो, तो उसे निर्माता या उसके सर्विस एजेंट द्वारा या इसी प्रकार के योग्य व्यक्ति द्वारा बदला जाना चाहिए ताकि कोई खतरा न रहे।

### ग्राउंडिंग (अर्थिंग) के बारे में

बिजली का शॉर्ट सर्किट होने पर, ग्राउंडिंग (अर्थिंग) विद्युत–धारा के निकलने के लिए तार प्रदान करके बिजली का झटका लगने के खतरे को कम करता है।

बिजली का झटका लगने से बचने के लिए, इस उपकरण की ग्राउंडिंग की जानी चाहिए।

ग्राउंडिंग प्लग के अनुचित प्रयोग से बिजली का झटका लग सकता है। यदि ग्राउंडिंग के लिए निर्देश पूरी तरह समझ न आएं, या आपको इस बारे में संदेह हो कि उपकरण की उचित ग्राउंडिंग हुई है या नहीं तो किसी योग्य इलेक्ट्रीशियन या सर्विस करने वाले व्यक्ति से सलाह लें।

### पॉवर कॉर्ड की लंबाई को छोटा–बड़ा न करें।

इससे बिजली का झटका या आग लग सकती है।



**बेहद खतरनाक आकर्षण**

खाली रेफ्रिजरेटर बच्चों के लिए एक खतरनाक आकर्षण हो सकता है। अपने अप्रयुक्त उपकरण से गैस्केट, लैच, ढक्कन या पूरा दरवाजा ही निकाल दें, या उसे हानिरहित बनाने के लिए और कोई कार्रवाई करें।

**इस उपकरण की ग्राउंडिंग (अर्थिंग) की जानी चाहिए।**

**इंतजार न करें! इसे अभी करें!**

**ज्वलनशील पदार्थों, विस्फोटकों या रासायनों को रेफ्रिजरेटर में न रखें।**

## पुराने उपकरण का निस्तारण

इस उपकरण में तरल पदार्थ (रेफ्रिजरेंट, ल्युब्रिकेंट) है और यह ऐसे पुर्जों तथा सामग्रियों से बना है जिनका दुबारा प्रयोग हो सकता है और/या रिसाइकिलिंग की जा सकती है।

सभी महत्वपूर्ण सामग्रियों को कचरा संग्रह केंद्र में भेजा जाना चाहिए और रिवर्क (रिसाइकिलिंग) के बाद दुबारा प्रयोग में लाया जा सकता है। वापस लिए जाने के लिए, कृपया स्थानीय एजेंसी से संपर्क करें।

# सर्विस के लिए बुलाने से पहले

सर्विस कॉल्स से प्रायः बचा जा सकता है!

यदि आपको लगता है कि आपका रेफ्रिजरेटर ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो पहले इन संभावित कारणों को जांच लें :

| समस्या | संभावित कारण |
|---|---|
| रेफ्रिजरेटर काम नहीं कर रहा | • क्या घर का फ्यूज उड़ गया है या सर्किट ब्रेकर ट्रिप हो गया है?<br>• क्या दीवार में लगे बिजली के आउटलेट से पॉवर कॉर्ड का प्लग निकल गया है या ढीला हो गया है? |
| रेफ्रिजरेटर या फ्रीजर कंपार्टमेंट का तापमान अधिक गर्म है | • तापमान कंट्रोल उचित स्थिति में सेट नहीं किए गए हैं।<br>• उपकरण दीवार या गर्मी के स्रोत के निकट रखा गया है।<br>• गर्म मौसम – बार–बार दरवाजा खुलना।<br>• दरवाजा लंबे समय तक खुला छोड़ देना।<br>• रेफ्रिजरेटर में काफी अधिक खाद्य–पदार्थ रखे रहना। |
| असामान्य शोर | • रेफ्रिजरेटर कमजोर या ऊंचे–नीचे स्थान पर संस्थापित है, या तल बराबर करने वाले पेंच को छोटा–बड़ा करने की जरूरत है।<br>• रेफ्रिजरेटर के पीछे की ओर गैर–जरूरी चीजें रखी हुई हैं। |
| रेफ्रिजरेटर में गंध है | • तेज गंध वाले खाद्य–पदार्थों को कसकर बंद या लपेटकर रखना चाहिए।<br>• भीतरी भाग की सफाई की जरूरत है। |
| कैबिनेट की सतह पर ओस जम जाती है | • अधिक नमी के समय कोई असामान्य बात नहीं है।<br>• दरवाजा हल्का खुला छूटा हो सकता है। |

LG
Life's Good

MFL67477503

LG 24 x 7 CALL CENTER
CALL 1800-180-9999 (Toll Free)
SMS 5757554 (Send SMS)
CLICK www.lg.com
serviceindia@lge.com
www.facebook.com/lghomeappliances
www.twitter.com/LGIndiaTweets
To know more about LG, visit www.lg.com
For Corporate/Institutional enquiries,
please write to enquiries@lgindia.com
**Regd. Office: LG Electronics India Pvt. Ltd.,** A-27, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044.